epaper
हिन्दुस्तान

# फ्लैटेड फैक्टरी काम्प्लेक्स का जल्द होगा शिलान्यास

06/05/2022

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डा. नवनीत सहगल ने कहा है कि मुख्यमंत्री कानपुर व आगरा में फ्लैटेड फैक्टरी कांप्लेक्स का जल्द शिलान्यास करेंगे। लघु उद्योग निगम ने स्थापना से लेकर पिछले वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक व्यवसाय किया है। निगम की वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल आय 337 करोड़ रुपये रही है, जो एक बड़ी सफलता है।

अपर मुख्य सचिव गुरुवार को उप्र लघु उद्योग निगम की 255 वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में आगरा एवं कानुपर में प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्ट्री काम्पलेक्स के मूल्य निर्धारण से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। फ्लैटेड फैक्ट्री काम्पलेक्स में उद्यमियों की सुविधा के लिए मैटेरियल, पैंसजर और वाहन के लिए अलग-अलग लिफ्ट स्थापित कराने और काम्पलेक्स में विद्‍युत के सोलर पैनेल स्थापित कराने का निर्णय लिया जाए। साथ ही उद्यमियों को एक मुश्त भुगतान करने पर छूट देने विचार किया गया। इसके साथ ही लघु उद्योग इकाइयों के प्रयोगा में लाए जाने वाले कोयले के आवंटन के लिए नए एलाटमेंट की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। अलीगढ़ में पीपीपी माडल पर 12 करोड़ रुपये की लागत से 12.5 एक क्षेत्रफल में हार्डवेयर पार्क विकसित करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। लोक भवन में आयोजित निदेशक मण्डल की बैठक में उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, प्रबंध निदेशक रामयज्ञ मिश्र तथा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### यूपी के 27490 गांवों में बांटी जाएगी घरौनी

**लखनऊ।** राजस्व गांवों में जमीन से जुड़े विवादों को खत्म करने के लिए प्रदेश के 27490 गांवों में स्वामित्व योजना लागू होगी। इन गांवों के आबादी क्षेत्र की संपत्तियों का सर्वे आफ इंडिया के माध्यम से ड्रोन से हवाई सर्वेक्षण कराया जाएगा। राजस्व विभाग ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है।